# University in News on 09 June 2025

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

### लविवि के छात्र रजनीश शर्मा को एडोब में इंटर्नशिप का ऑफर



लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र रजनीश शर्मा को विश्वविख्यात सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब में प्रोडक्ट इंटर्न के रूप में चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह ने रजनीश को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा, ह्हमें गर्व है कि हमारे छात्र वैश्विक स्तर की कंपनियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसी सफलताएँ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करती हैं और अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी दी कि छात्र का चयन एडोब द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के आधार पर हुआ, जिसमें ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू जैसे चरण शामिल थे। सभी चरणों को सफलता पूर्वक पार करने के बाद रजनीश को प्रोडक्ट इंटर्न पद के लिए चयनित किया गया। इस इंटर्नशिप के तहत उन्हें 60,000 प्रति माह का मानदेय प्राप्त होगा।

डॉ. पाण्डेय ने बताया कि एडोब एक अग्रणी वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी है, जो विशेष रूप से डिजिटल मीडिया और डिजिटल अनुभव से संबंधित उत्पादों और समाधान के लिए जानी जाती है। फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर, एक्रोबैट, प्रीमियर प्रो, एडोबी फायरफ्लाई जैसे लोकप्रिय सॉफ़्टवेयर एडोब के प्रमुख उत्पाद हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 8

### लविवि के रजनीश शर्मा को एडोब में इंटर्नशिप का ऑफर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र रजनीश शर्मा को विश्वविख्यात सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब में प्रोडक्ट इंटर्न के रूप में चयनित किया गया है। कुलपति प्रो . आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो . एके सिंह ने रजनीश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ.. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी दी कि छात्र का चयन एडोब द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के आधार पर हुआ, जिसमें ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू जैसे चरण शामिल थे। सभी चरणों को सफलता पूर्वक पार करने के बाद रजनीश को प्रोडक्ट इंटर्न पद के लिए चयनित किया गया। इस इंटर्नशिप के तहत उन्हें 60,000 रुपए प्रति माह का मानदेय प्राप्त होगा।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र को एडोब में इंटर्नशिप का मौका



स्रोतः विश्वविद्यालय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र रजनीश शर्मा को सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब में इंटर्नशिप का मौका मिला है। संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि छात्र का चयन एडोब की ओर से आयोजित चयन प्रक्रिया के आधार पर हुआ। इस इंटर्नशिप के तहत 24 महीनों तक 60 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू के छात्र रजनीश को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रजनीश शर्मा सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब में प्रोडक्ट इंटर्न चयनित हुए हैं। इस इंटर्नशिप के तहत उन्हें ₹60 हजार प्रति माह मानदेय मिलेगा। रजनीश एलयू अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के विद्यार्थी हैं। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो . आलोक कुमार राय, संकायाध्यक्ष प्रो . एके सिंह ने बधाई दी।